PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/
सोमवार 18 मई 2026




# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ
RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

## Aligarh News: बच्चों के झगड़े में बड़ों की एंट्री बनी जानलेवा

अलीगढ़ के थाना क्वार्सी क्षेत्र के मौलाना आजाद नगर में रविवार शाम बच्चों के बीच हुआ मामूली झगड़ा देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया। खेलते समय हुए विवाद में जब दोनों पक्षों के बड़े भी आमने-सामने आ गए, तो हालात बेकाबू हो गए। इसी दौरान एक बच्चे ने छत पर चढ़कर नीचे खड़े लोगों पर ईंट फेंक दी, जो 60 वर्षीय गुलबहार के सिर में जा लगी। गंभीर रूप से घायल गुलबहार को परिजन तत्काल जेएन मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां उपचार के दौरान रात करीब आठ बजे उनकी मौत हो गई। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और परिवार में मातम छा गया।



परिजनों के अनुसार गुलबहार के पोते बिलाल (13) का पड़ोस के बच्चों से खेलते समय झगड़ा हुआ था। मारपीट के दौरान बिलाल की मां सलमा बीच-बचाव करने पहुंचीं तो आरोप है कि दूसरे पक्ष के बच्चे ने उनके साथ हाथापाई की और हाथ में काटकर भाग गया। इसकी शिकायत लेकर जब परिजन आरोपी के घर पहुंचे तो वहां कहासुनी बढ़ गई और झगड़ा हो गया। इसी दौरान छत से फेंकी गई ईंट गुलबहार के सिर में जा लगी। सीओ सिविल लाइंस सर्वम सिंह ने बताया कि बच्चों के विवाद में यह दुखद घटना हुई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पक्ष से जुड़े चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मृतक के बेटे शरीफ की तहरीर पर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## Aligarh News: मरीज की उखड़ रही थी सांस, इमरजेंसी में गूंजती रही बहस... फिर बढ़ा तनाव

अलीगढ़ के जेएन मेडिकल कॉलेज के ट्रॉमा सेंटर की इमरजेंसी में रविवार रात एक बार फिर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। रात करीब 8:40 बजे स्ट्रेचर पर लेटे 56 वर्षीय मरीज की हालत गंभीर थी और उसकी सांसें उखड़ रही थीं। डॉक्टर ने प्राथमिक जांच के बाद दूसरे मरीज को देखना शुरू किया तो साथ आए तीमारदार भड़क उठे। करीब आधा दर्जन परिजन जोर-जोर से चिल्लाने लगे, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। हंगामे के बीच दूसरे डॉक्टर ने तुरंत मरीज को देखा और परिजनों को शांत कराया, तब जाकर स्थिति सामान्य हो सकी। परिजनों का कहना था कि पर्चा बनवाने के बाद भी डॉक्टर पहले उनके मरीज को स्थिर करने के बजाय अन्य मरीज को देखने लगे, जिससे नाराजगी बढ़ी। इमरजेंसी में उस समय करीब 35 मरीज भर्ती थे और आधा दर्जन डॉक्टर-नर्सिंग स्टाफ उपचार में जुटे थे, जबकि हर मरीज के साथ चार-पांच तीमारदार मौजूद थे।



गौरतलब है कि बीते 11 महीनों में मेडिकल कॉलेज में छह बार हड़ताल हो चुकी है। डॉक्टरों की मुख्य मांग रही है कि एक मरीज के साथ केवल दो तीमारदार ही अंदर आएं, लेकिन व्यवस्था लागू नहीं हो पा रही। सुरक्षा गार्ड मुख्य द्वार और इमरजेंसी गेट पर मौजूद थे, फिर भी किसी को रोका नहीं गया। प्रॉक्टर प्रो. मो. नवेद खान ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर मंथन जारी है और गार्डों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। वहीं आरडीए उपाध्यक्ष डॉ. अख्तर अली ने कहा कि पुख्ता सुरक्षा होने से इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सकती है। इमरजेंसी में रोजाना करीब 1000 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, ऐसे में भीड़ और अव्यवस्था विवाद की बड़ी वजह बन रही है।

## Aligarh News:
### जिले के अनुदेशकों को मिले 17-17 हजार रुपये के चेक



Aligarh News: कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में जिले के अनुदेशकों को 17-17 हजार रुपये के चेक वितरित किए गए। राज्य मंत्री सुरेंद्र दिलेर ने चेक प्रदान करते हुए इसे ऐतिहासिक निर्णय बताया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि मानदेय बढ़ने से अनुदेशकों का मनोबल बढ़ेगा और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा।

## Aligarh News: पति के इंतकाल के बाद नहीं टूटीं शबाना, मथुरा-वृंदावन तक पहुंचा हुनर

अलीगढ़ के शाहजमाल ईदगाह रोड निवासी शबाना तहसीन ने जीवन की सबसे कठिन घड़ी में भी हिम्मत नहीं हारी। वर्ष 2021 में कोरोना काल के दौरान पति के इंतकाल के बाद परिवार और बच्चों की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई, लेकिन उन्होंने हालात के आगे झुकने के बजाय अपने हुनर को ही सहारा बनाया। पिछले करीब 10 वर्षों से सिलाई के क्षेत्र में सक्रिय शबाना ने लहंगा, गरारा और फैंसी ड्रेस के साथ-साथ लड्डू गोपाल और माता रानी की आकर्षक पोशाकें तैयार करनी शुरू कीं। उनके हाथों से बनी पोशाकों की मांग अब अलीगढ़ से निकलकर मथुरा और वृंदावन तक पहुंच चुकी है। धार्मिक नगरी तक उनके डिजाइन की पहचान बनना उनके संघर्ष और मेहनत की मिसाल है।



शुरुआत में उन्होंने आसपास की जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई सिखानी शुरू की, ताकि वे भी आत्मनिर्भर बन सकें। आज उनके साथ करीब 30 महिलाएं काम कर रही हैं। तबस्सुम, सेरिस, मदीहा, जूही, फरा, सीमा, आफरीन, मिन्हा, अलीजा और शहनाज जैसी कई महिलाएं इस काम में सहयोग दे रही हैं। शबाना का कहना है कि उनका मकसद सिर्फ कारोबार बढ़ाना नहीं, बल्कि महिलाओं को हुनर सिखाकर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करना है। मुश्किल हालात में भी मजबूत इरादों के साथ आगे बढ़ती शबाना आज कई महिलाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं।

# Aaj Ka Rashifal 18 May

## शुभ योग बनने से इन पांच राशियों को मिल सकता है अचानक लाभ

आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 18 मई 2026 का राशिफल। आज के दिन गुरु और चंद्रमा की युति से गजकेसरी राजयोग बन रहा है यह योग रात 10 बजकर 5 मिनट के बाद बनेगा। आज के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग, आडल और विडाल योग का संयोग भी है।





### मेष

आज भागदौड़ और तनाव आपको थोड़ा थका सकता है, लेकिन धैर्य बनाए रखना जरूरी होगा। किसी पुराने रोग के दोबारा उभरने से परेशानी बढ़ सकती है, इसलिए सेहत को नजरअंदाज न करें। नया वाहन खरीदने की सोच रहे हैं तो पूरी सावधानी बरतें। दूसरों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करना नुकसान दे सकता है। परिवार से किया गया कोई वादा आज हर हाल में निभाना पड़ सकता है।



### वृषभ

आज का दिन खुशियों, मौज-मस्ती और नई शुरुआतों से भरा रहेगा। आपकी क्रिएटिव सोच लोगों को आकर्षित करेगी और नए दोस्त भी बन सकते हैं। खर्च बढ़ने से बजट थोड़ा बिगड़ सकता है, इसलिए समझदारी जरूरी होगी। अविवाहित लोगों के जीवन में प्यार की नई दस्तक दिल को खुश कर सकती है। परिवार में किसी को नई नौकरी मिलने से उत्सव जैसा माहौल बनेगा।



### मिथुन

आज शब्दों पर नियंत्रण रखना ही आपकी सबसे बड़ी ताकत साबित होगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में कही गई बात गलत समझी जा सकती है, इसलिए सोच-समझकर बोलें। ऑनलाइन खरीदारी में सावधानी रखें, क्योंकि धोखे की संभावना है। प्रॉपर्टी से जुड़े फैसले पूरी जांच-पड़ताल के बाद ही लें। मन बार-बार भटक सकता है, इसलिए खुद को फोकस में रखने की कोशिश करें।



### कर्क

आज सुख-सुविधाओं और खुशियों में बढ़ोतरी होने के संकेत हैं। परिवार के लोग आपकी उम्मीदों पर खरे उतरेंगे और दूर रहने वाले रिश्तेदार से कोई शुभ समाचार मिल सकता है। मेहनत के दम पर सफलता आपके करीब आएगी। पुराने लेन-देन का मामला थोड़ी चिंता बढ़ा सकता है। घर में नया वाहन खरीदने या किसी बड़ी सुविधा को जोड़ने का विचार बन सकता है।



### सिंह

आज किस्मत आपके पक्ष में रह सकती है और मनचाहा लाभ मिलने के संकेत हैं। सेहत पर ध्यान देना जरूरी होगा, वहीं विद्यार्थियों को पढ़ाई में अनुशासन बनाए रखना होगा। आपकी अच्छाई को कुछ लोग गलत समझ सकते हैं, लेकिन आप अपने रास्ते पर आगे बढ़ते रहें। भगवान की भक्ति से मन को सुकून मिलेगा। जीवनसाथी का सहयोग हर कदम पर आपका आत्मविश्वास बढ़ाएगा और धन से जुड़ी परेशानियाँ भी दूर हो सकती हैं।



### कन्या

आज मन की उलझनों को मां के साथ साझा करने से राहत मिलेगी। वाहन चलाते समय विशेष सावधानी रखें, क्योंकि दुर्घटना का योग बन रहा है। जीवनसाथी के लिए खरीदी गई कोई खास चीज रिश्तों में मिठास बढ़ाएगी। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र में आपकी पहचान मजबूत हो सकती है। परिवार आपके सम्मान में कोई खास सरप्राइज प्लान कर सकता है।



### तुला

आज घर-परिवार में खुशियों और शुभ कार्यों का माहौल बना रहेगा। आपकी मेहनत रंग लाएगी और रुका हुआ धन मिलने से राहत महसूस होगी। विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन आपकी समझदारी उन्हें शांत कर देगी। छोटे बच्चों की कोई प्यारी फरमाइश आपका दिल जीत लेगी। दिन कुल मिलाकर सकारात्मक और सुखद रहेगा।



### वृश्चिक

आज आपके दिमाग में नए और शानदार आइडिया जन्म ले सकते हैं, जो बिजनेस में बड़ा फायदा दिला सकते हैं। विदेश से जुड़े व्यापार में अच्छी खबर मिलने की संभावना है। नए लोगों से मुलाकात भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होगी। पिताजी की कोई बात दिल को चुभ सकती है, लेकिन आप संयम बनाए रखेंगे। खोई हुई प्रिय वस्तु मिलने से मन प्रसन्न हो जाएगा।



### धनु

आज का दिन मिला-जुला असर देने वाला रहेगा। जीवनसाथी किसी बात से नाराज हो सकते हैं, इसलिए रिश्तों में प्यार और समझदारी बनाए रखें। आय के मामलों में सतर्क रहना जरूरी होगा। विद्यार्थियों को मानसिक तनाव से राहत मिलेगी और शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलेगा। मन की कोई बड़ी इच्छा पूरी होने से खुशी दोगुनी हो जाएगी। घर में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन भी संभव है।



### मकर

आज उन्नति की रफ्तार तेज रहने वाली है। आपकी मेहनत और तेजी से किए गए काम कुछ लोगों को परेशान कर सकते हैं, जिससे नए विरोधी भी बन सकते हैं। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र में समझदारी से कदम बढ़ाना जरूरी होगा। सरकारी कामों में सफलता मिलने की संभावना है। दूसरों पर निर्भर रहने से बचें, क्योंकि कोई आपके काम में रुकावट डाल सकता है।



### कुंभ

आज सकारात्मक बदलाव आपकी जिंदगी में नई ऊर्जा भर सकते हैं। संतान की ओर से कोई खुशखबरी मिलने के संकेत हैं। आपकी मेहनत रुके हुए कामों को पूरा करने में मदद करेगी। लाइफस्टाइल में सुधार लाने की कोशिश सफल हो सकती है। सेहत को नजरअंदाज न करें। परिवार में नए मेहमान का आगमन खुशियाँ लेकर आएगा और जीवनसाथी के साथ रोमांटिक पल रिश्तों में नई गर्माहट भर देंगे।



### मीन

आज बिजनेस में कुछ चुनौतियाँ सामने आ सकती हैं, लेकिन धैर्य से काम लेने पर रास्ते निकल आएंगे। दूसरों की सलाह पर आंख बंद करके भरोसा करने से बचें। सरकारी कामों को पूरा करने के लिए मेहनत करनी पड़ सकती है। वैवाहिक जीवन को समय और समझदारी की जरूरत होगी। पुराने दोस्त से मुलाकात दिल को खुश कर सकती है। पिता की सेहत, खासकर आंखों से जुड़ी समस्या, आपकी चिंता बढ़ा सकती है।

# लखीमपुर खीरी में भीषण हादसा

## हाईवे पर ट्रक और मैजिक की भिड़ंत, नौ लोगों की मौत, दो से अधिक घायल



Road Accident News: लखीमपुर खीरी के ईसानगर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। ऊंच गांव भरेहटा के बीच हाईवे पर मैजिक और ट्रक की टक्कर में नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि दो से अधिक लोग घायल हुए हैं। लखीमपुर-बहराइच नेशनल हाईवे 730 पर सोमवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में सात पुरुष और दो महिलाएं बताई जा रही हैं। हादसा ट्रक और मैजिक गाड़ी की टक्कर से हुआ। हादसे में कई लोग घायल हुए हैं। घायलों का नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुबह करीब आठ बजे हुए भीषण हादसे ने अधिकारियों की नींद भी उड़ा दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भारी पुलिस फोर्स पहुंचा। मौके पर बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को सीएचसी खमरिया में पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने आठ घायलों को मृत घोषित कर दिया। घायलों का इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि मैजिक गाड़ी में 12 लोग सवार थे। तीन मृतकों की शिनाख्त हो गई हैं। इनमें जयवीर सिंह पुत्र पेशकार सिंह, अदनाम पुत्र वकील और पवन और संतोष शामिल हैं। जयवीर और पवन बहराइच के रहने वाले हैं। जबकि अदनान धौरहरा के निवासी थे। पुलिस अन्य मृतकों की पहचान कराने के प्रयास कर रही है।

# UP Weather News

## भीषण गर्मी की चपेट में यूपी, 33 जिलों में लू की चेतावनी; लखनऊ में झुलसाने वाली गर्मी का अलर्ट



UP Weather Update: यूपी भीषण गर्मी की चपेट में है। 33 जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी की गई है। वहीं लखनऊ में झुलसाने वाली गर्मी का अलर्ट है। उत्तर प्रदेश में गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। बुंदेलखंड समेत दक्षिणी यूपी के कई जिले भीषण लू और झुलसाने वाली गर्मी की चपेट में हैं। मौसम विभाग ने 19 से 23 मई तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तपिश बढ़ने, गर्म हवाएं चलने और पारे में लगातार बढ़ोतरी होने की जानकारी दी है। इससे कई जिलों में दिन के समय हालात और कठिन होने की आशंका है। सोमवार के लिए प्रदेश के 33 जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी की गई है। रविवार को बांदा 46.4 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म शहर दर्ज किया गया। इसके अलावा झांसी, प्रयागराज और हमीरपुर में भी लू का असर बेहद तीखा रहा। तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि फिलहाल प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहेगा। अगले कुछ दिनों तक तापमान में लगातार बढ़ोतरी होने के आसार हैं। बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्ज़ापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालोन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के क्षेत्र। रविवार को तेज धूप और गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। सुबह से ही चिलचिलाती धूप का असर दिखाई दिया। दोपहर में लू जैसे हालात बनने से सड़कें सूनीं नजर आईं। शाम में धूप ढलने के बाद भी हवा में तपिश महसूस की गई। बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भी सामान्य दिनों की तुलना में भीड़ कम नजर आई। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार अगले कुछ दिनों में गर्मी के तेवर और तल्ख होंगे। तापमान में लगातार बढ़ोतरी होने के आसार हैं। अगले तीन दिन में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

## कृति की तारीफ करते हुए फिसली रश्मिका की जुबान



शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन स्टारर आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। बीती रात फिल्म का एक सॉन्ग लॉन्च इवेंट हुआ, जिसमें फिल्म की प्रमुख कास्ट मौजूद रही। इस दौरान शाहिद, कृति और रश्मिका ने काफी मस्ती भी की। इवेंट के दौरान एक मजेदार पल तब देखने को मिला, जब रश्मिका मंदाना कृति सेनन की तारीफ कर रही थीं। रश्मिका फिल्म में कृति के अलग अंदाज और हॉटनेस की जमकर तारीफ करती हैं। वो कहती हैं, 'कॉकटेल 2 में कुछ तो बिल्कुल अलग है। कृति तुम बहुत खूबसूरत लग रही हो। यह तो पूरी दुनिया जानती है। तुम सच में बहुत खूबसूरत और हॉट लगी हो।'इसी दौरान रश्मिका के मुंह से जल्दी में एक ऐसा शब्द निकल जाता है, जो मंच पर नहीं बोलना होता है। इसके बाद रश्मिका अपना मुंह ढक लेती हैं और मजाकिया अंदाज में कहती हैं, 'ओह सॉरी! चुप रहो!'।रश्मिका वहां मौजूद पैप्स और मीडिया से उसे सेंसर करने को कहती हैं। जबकि इस दौरान शाहिद और कृति समेत वहां मौजूद हर कोई खिला-खिलाकर हंसने लगता है। तभी कृति बोलती हैं कि एक ही शब्द बोलने से मना किया था, लेकिन वो ही बोल दिया।

## रविवार को 'पति पत्नी और वो दो' ने छापे नोट, 'आखिरी सवाल' की कमाई में बढ़ोतरी




इन दिनों सिनेमाघरों में रोमांटिक-कॉमेडी, ड्रामा और एक्शन फिल्में दर्शकों का मनोरंजन कर रही हैं। रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'पति पत्नी और वो दो', संजय दत्त की ड्रामा फिल्म 'आखिरी सवाल' और एक्शन फिल्म 'करुप्पु' हाल ही में रिलीज हुईं, इन फिल्मों को थिएटर में तीन दिन हुए हैं। वहीं 'कृष्णावतारम' और 'राजा शिवाजी' काफी दिनों से बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की दौड़ में शामिल हैं। जानिए, रविवार को इन सब फिल्मों ने कितना कमाया है।सैकनिल्क के अनुसार फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' ने तीसरे दिन 7.75 करोड़ रुपये कमाए हैं। दूसरे दिन फिल्म ने 5.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। फिल्म का कुल कलेक्शन 17.50 करोड़ रुपये हो चुका है। फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' में आयुष्मान खुराना, अलावा सारा अली खान, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह लीड रोल में हैं।

## अकेलेपन से जूझ रहे सलमान? लिखा- 'कोई आपके पास रहना नहीं चाहता



सलमान खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'मातृभूमि: मे वॉर रेस्ट इन पीस' को लेकर चर्चा में हैं। इसके लिए वह काफी मेहनत कर रहे हैं। फिल्म के लिए उन्होंने अपने लुक में बदलाव किया है। इस बीच उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है। इसमें वह खुद नजर आ रहे हैं। पोस्ट में उन्होंने अकेला और अकेलेपन के बारे में बताया है।सलमान खान ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर पोस्ट की है। इसमें वह शर्टलेट हैं। वह अपने एब्स फ्लॉन्ट कर रहे हैं और सोच की मुद्रा में हैं। इस फोटो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा है 'मेरे हिसाब से अकेले रहने के दो तरीके हैं। अकेला और अकेलापन। अकेला रहना आप चुनते हैं। अकेलापन वह है, जब आपके पास कोई नहीं रहना चाहता है। अब इसके आगे आपको तय करना है कि आप किस तरह रहना चाहते हैं।'सलमान खान की पोस्ट पर कई यूजर्स ने कमेंट किए हैं। एक यूजर ने लिखा है 'भाई आप अकेले नहीं हैं। हम आपको प्यार करते हैं। चांद अकेला है पर पूरी कायनात उसकी रोशनी से रौशन है।' एक और यूजर ने लिखा है 'भाई जल्दी आ रहा है। नफरत करने वाले कहां हैं। इंडियन सिनेमा का बाप आ रहा है।' एक और यूजर ने लिखा है 'वह बिना रानी के राजा है।'

## हमेशा मर्द गलत नहीं होता



मीरा चोपड़ा ने रवि मोहन की तस्वीरों के साथ उनका एक कोट शेयर किया और लिखा 'मैं इस आदमी को रवि के नाम से जानती हूं। जब मैं साउथ की फिल्मों में काम करती थी, तब मैं उसे काफी अच्छे से जानती थी। अभी-अभी उसके तलाक के बारे में पढ़ा। मेरी राय यह है कि, हमेशा आदमी ही गलत नहीं होता। मुझे ऐसी बहुत सी औरतें दिख रही हैं जो उन कानूनों का फायदा उठा रही हैं जो औरतों के पक्ष में ज्यादा झुके हुए हैं। आदमी की बात भी सुनी जानी चाहिए। मैं उसे एक बहुत ही प्यारा और सीधा-सादा इंसान मानती हूं। मुझे उम्मीद है कि उसे सच और इंसाफ मिलेगा।'हाल ही में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान रवि मोहन ने शादी के दौरान अपनी मानसिक और भावनात्मक स्थिति के बारे में भी चौंकाने वाले दावे किए। किसी का भी सीधे तौर पर नाम लिए बिना, रवि ने आरोप लगाया कि उन्हें अपने बच्चों से मिलने से रोका जा रहा है।

## जॉन अब्राहम की 40 साल पुरानी फिल्म ने मचाई धूम



इन दिनों कान फिल्म फेस्टिवल चल रहा है। इसी बीच दिवंगत फिल्ममेकर जॉन अब्राहम की इस मशहूर फिल्म के 4K रिस्टोर्ड वर्जन की स्क्रीनिंग कान फिल्म फेस्टिवल 2026 में की गई, जहां इसे जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। कान फिल्म फेस्टिवल में 'अम्मा अरियान' फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाई और फिल्म को स्टैंडिंग ओवेशन दिया। इस खास मौके पर फिल्म के लीड एक्टर जॉय मैथ्यू और एडिटर बीना पॉल भी मौजूद रहे।फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन ने इस फिल्म के 4K रिस्टोरेशन में अहम भूमिका निभाई है। संस्था ने सोशल मीडिया पर स्क्रीनिंग की कई तस्वीरें और वीडियो भी शेयर किए। फाउंडेशन ने बताया कि फिल्म की स्क्रीनिंग फुल हाउस रही और दर्शकों ने इसे बेहद पसंद किया। स्क्रीनिंग के दौरान शिवेंद्र सिंह डुंगरपुर, जॉय मैथ्यू और बीना पॉल ने फिल्म और उसके निर्माण से जुड़ी यादें शेयर कीं।

# Forest Economy:

## पांच ट्रिलियन डॉलर का जंगल व्यापार, अमीर हो रहे कारोबारी फिर भी दाने-दाने को मोहताज वनवासी



जंगलों से हर साल करीब 1.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का व्यापार होता है। संयुक्त राष्ट्र की 'ग्लोबल फॉरेस्ट गोल्स रिपोर्ट 2026' के अनुसार, जंगल के पास रहने वाले लोग अपना कच्चा माल बहुत ही कम दाम में बेचने को मजबूर हैं। बाजार तक सीधे न पहुंच पाने और खराब रास्तों की वजह से सारा मोटा मुनाफा बीच वाले लोग यानी बिचौलिए खा जाते हैं। यह रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र वन मंच (यूएनएफएफ) की 21वीं बैठक में पेश की गई है, जो बताती है कि गरीब वनवासियों की हालत सुधारने के लक्ष्य बहुत धीमी गति से चल रहे हैं।जंगलों से मिलने वाले कीमती उत्पाद जैसे बांस, लाख और तेंदूपत्ता करोड़ों लोगों के रोजगार का सबसे बड़ा साधन हैं। लेकिन इन गरीब लोगों के पास अपने माल को बड़े बाजार तक ले जाने की कोई सुविधा नहीं है। गांव में अच्छी सड़कें नहीं हैं और माल को सुरक्षित रखने के लिए कोई जगह नहीं होती है।

दुनिया भर के जंगलों से 1.5 ट्रिलियन डॉलर की कमाई होती है, लेकिन इसका फायदा बिचौलिए उठा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की 'ग्लोबल फॉरेस्ट गोल्स रिपोर्ट 2026' के अनुसार, वन उत्पाद बेचने वाले असली वनवासी आज भी गरीबी में हैं। भारत में 27 करोड़ लोग जंगलों पर निर्भर हैं। दुनिया भर के जंगलों से हर साल अरबों रुपये की भारी भरकम कमाई होती है, लेकिन इसका फायदा उन गरीब वनवासियों को नहीं मिल रहा है जो इन जंगलों पर पूरी तरह निर्भर हैं। लकड़ी, शहद और जड़ी-बूटियों जैसे उत्पादों से होने वाली असली कमाई पर बिचौलियों और बड़े कारोबारियों ने कब्जा कर लिया है। इसके कारण जंगल के असली हकदार आज भी घोर गरीबी के जाल में फंसे हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक नई रिपोर्ट ने इस बड़े है।

# Gold Silver Price:

## आयात शुल्क बढ़ने से सोना 8550 रुपये और चांदी 20500 रुपये महंगी, बाजार में अफरातफरी



आयात शुल्क में भारी बढ़ोतरी के बाद 13 मई को सोने की कीमतें 8,550 रुपये और चांदी 20,500 रुपये उछली। सरकार ने गैर-जरूरी आयात कम करने के लिए शुल्क 6% से बढ़ाकर 15% किया। जानें बाजार पर इसका असर, निवेशकों की राय और आगे की चुनौतियां।सरकार ने कीमती धातुओं पर आयात शुल्क बढ़ाया, जिसके बाद बुधवार, 13 मई को स्थानीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया। सोने का दाम 8,550 रुपये बढ़कर 1.65 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम से अधिक हो गया। वहीं, चांदी की कीमतों में भी 20,500 रुपये प्रति किलोग्राम की जबरदस्त वृद्धि हुई। यह बढ़ोतरी सरकार के गैर-जरूरी आयात को कम करने के फैसले का सीधा परिणाम है।अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, दिल्ली के बाजारों में चांदी का दाम 2,77,000 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 2,97,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने की कीमत 8,550 रुपये बढ़कर 1,65,350 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जो पिछली बंद कीमत 1,56,800 रुपये प्रति 10 ग्राम से 5 फीसदी से अधिक है। सरकार ने बुधवार को सोने और चांदी पर आयात शुल्क 6 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया। प्लेटिनम पर भी आयात शुल्क 6.4 फीसदी से बढ़ाकर 15.4 फीसदी किया गया है। ये नई दरें बुधवार से ही प्रभावी हो गई हैं। यह कदम पश्चिम एशिया संकट के बीच बढ़ते आयात बिल को नियंत्रित करने और गैर-जरूरी खरीद को हतोत्साहित करने के लिए उठाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी विदेशी मुद्रा व्यय को कम करने के लिए सोने की खरीद पर अंकुश लगाने का आह्वान किया था।

# Foreign Stocks Tax

## विदेशी शेयरों से कमाई पर टैक्स चुकाना है जरूरी वरना खानी पड़ सकती है जेल की हवा




### विदेशी शेयरों पर टैक्स का गणित कैसे काम करता है

विदेशी शेयरों पर टैक्स इस बात पर पूरी तरह निर्भर करता है कि आपने उन शेयरों को खरीदकर कितने समय तक अपने पास रखा है। अगर आप किसी विदेशी कंपनी के शेयर को 24 महीने (दो साल) से ज्यादा समय तक अपने पास रखकर बेचते हैं, तो इसे लंबी अवधि का मुनाफा यानी लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन माना जाता है। इस मुनाफे पर आपको 12.5 प्रतिशत की दर से टैक्स देना होगा और इसके साथ लागू सरचार्ज और उपकर भी चुकाना होगा।वहीं दूसरी तरफ, अगर आप विदेशी शेयर खरीदने के 24 महीने के भीतर ही उसे बेचकर मुनाफा कमा लेते हैं, तो यह कम अवधि का मुनाफा यानी शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन कहलाता है। इस स्थिति में, शेयरों से होने वाली यह कमाई आपकी कुल सालाना आमदनी में सीधे तौर पर जोड़ दी जाएगी। इसके बाद आपकी कुल आमदनी जिस भी टैक्स स्लैब (कर की श्रेणी) में आएगी, उसी के हिसाब से आपको सरकार को टैक्स चुकाना होगा।ऊपर दी गई इस टेबल से यह समझना बहुत आसान हो जाता है कि सरकार विदेशी शेयरों के मुनाफे पर कैसे टैक्स लगाती है। अगर आप दो साल बाद शेयर बेचते हैं, तो आपको सीधा साढ़े बारह प्रतिशत टैक्स देना होगा। लेकिन अगर आप दो साल से पहले ही शेयर बेच देते हैं, तो वह पैसा आपकी कुल कमाई में जुड़ जाएगा और आपको अपनी आमदनी की स्लैब के हिसाब से टैक्स देना होगा। अब इसमें इंडेक्सेशन जैसी कोई विशेष छूट भी नहीं मिलती है।अगर आप अपनी विदेशी संपत्ति और उससे होने वाली कमाई की जानकारी आयकर विभाग को नहीं देते हैं या जानबूझकर गलत जानकारी देते हैं, तो इसे बहुत बड़ी टैक्स चोरी माना जाता है। सरकार और आयकर विभाग इस मामले में बहुत सख्त रुख अपनाते हैं। ऐसा करने के नतीजे बहुत डरावने हो सकते हैं और आपको इसके लिए बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है।

भारतीयों में विदेशी शेयरों में निवेश का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन इस कमाई पर टैक्स चुकाना अनिवार्य है। शेयर को 24 महीने से ज्यादा रखने पर 12.5% (LTCG) और उससे कम समय रखने पर आय स्लैब के अनुसार (STCG) टैक्स लगता है। विदेशी संपत्ति की जानकारी छुपाने पर 10 लाख रुपये का जुर्माना और 7 साल तक की जेल हो सकती है। अगर आपने भी विदेशी शेयर लिए है या भविष्य लेने हैं, तो पूरे मामले को विस्तार से समझिए.आजकल भारतीयों में अमेरिकी शेयर बाजार और विदेशी कंपनियों में पैसा लगाने का बहुत ज्यादा क्रेज देखने को मिल रहा है। लोग सोचते हैं कि सात समंदर पार की कंपनियों में पैसा लगाकर वे आसानी से अमीर बन जाएंगे। लेकिन हमेशा याद रखिए, आपकी इस विदेशी कमाई पर भारत के आयकर विभाग की नजर बहुत पैनी है। विदेशी बाजारों से मोटा पैसा कमाना कोई बुरी बात नहीं है, लेकिन इस कमाई पर सरकार को सही समय पर टैक्स देना बहुत जरूरी है।इसका सीधा मतलब यह है कि अगर आप विदेशी कंपनियों के शेयर या ईटीएफ खरीदकर मुनाफा कमा रहे हैं, तो सिर्फ डॉलर बटोरना ही काफी नहीं है।

# अब सस्ता नहीं, पर्याप्त स्वास्थ्य

## बीमा होना जरूरी: वरना इलाज में खाली ही होगी जेब, जानें कैसे बचेगा आपका पैसा



भारत में अस्पताल का खर्च सालाना 14% की दर से बढ़ रहा है, जिससे 3-5 लाख रुपये का बीमा कवर अब नाकाफी हो गया है। हेल्थ इंश्योरेंस पर जीएसटी शून्य होने के बाद लोग अब 50 लाख से 1 करोड़ रुपये तक के बड़े कवर ले रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि परिवार की सुरक्षा और अपनी जमा-पूंजी बचाने के लिए पर्याप्त कवर लेना और पॉलिसी को समय पर अपग्रेड करना बेहद जरूरी है। आइए, इस रिपोर्ट में अस्पताल खर्च को बचाने के तरीके को समझते हैं आज के समय में सिर्फ नाम के लिए स्वास्थ्य बीमा (हेल्थ इंश्योरेंस) लेना ही काफी नहीं रह गया है। बदलते समय और बीमारियों के इस दौर में अब ऐसी पॉलिसी लेना जरूरी है, जिससे अस्पताल में इलाज के दौरान आपकी जेब से एक भी पैसा भरने की नौबत न आए। वह पुराना समय अब बीत गया है जब पूरे परिवार के लिए तीन या पांच लाख रुपये का कवर काफी मान लिया जाता था। आजकल अस्पतालों में इलाज इतना महंगा हो गया है कि पच्चीस लाख रुपये से कम का स्वास्थ्य बीमा भी नाकाफी लगने लगा है। हमें यह बात हमेशा याद रखनी चाहिए कि स्वास्थ्य बीमा महंगा नहीं होता है,

## Team India: सूर्यकुमार की कप्तानी खतरे में? पंत की भूमिका पर भी उठे सवाल दोनों पर गंभीर की राय होगी निर्णायक

टीम इंडिया के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव का भविष्य अब सवालों के घेरे में नजर आ रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, गुवाहाटी में होने वाली बीसीसीआई की अहम बैठक में मुख्य कोच गौतम गंभीर की राय बेहद अहम मानी जाएगी। सूर्यकुमार की खराब फॉर्म और आईपीएल 2026 में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद चयनकर्ता टी20 कप्तानी के भविष्य पर चर्चा कर सकते हैं। वहीं, टेस्ट टीम के उपकप्तान ऋषभ पंत की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं। बीसीसीआई चयन समिति मंगलवार को गुवाहाटी में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली टेस्ट और वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का चयन करेगी। हालांकि इस दौरे पर कोई टी20 मुकाबला नहीं खेला जाएगा, लेकिन रिपोर्ट्स के अनुसार चयनकर्ता भविष्य की टी20 योजनाओं और कप्तानी को लेकर अनौपचारिक चर्चा कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि सूर्यकुमार यादव की हालिया फॉर्म और मुंबई इंडियंस के साथ आईपीएल 2026 में खराब प्रदर्शन ने उनकी कप्तानी पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



यही वजह है कि चयनकर्ता अब टी20 कप्तानी के अगले विकल्पों पर भी विचार कर सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर की राय इस पूरे मामले में निर्णायक साबित हो सकती है। टी20 विश्व कप जीत के बाद यह पहली चयन बैठक होगी, इसलिए टीम मैनेजमेंट भविष्य की रणनीति पर गंभीरता से विचार करेगा। चयनकर्ता आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए संभावित टी20 खिलाड़ियों पर भी चर्चा कर सकते हैं। ऐसे में सूर्यकुमार यादव की कप्तानी बरकरार रहेगी या नहीं, इस पर सभी की नजरें टिकी रहेंगी। सिर्फ सूर्यकुमार ही नहीं, बल्कि ऋषभ पंत के भविष्य को लेकर भी चयन समिति में गंभीर चर्चा हो सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि टेस्ट क्रिकेट में उपकप्तानी की जिम्मेदारी पंत के खेल पर असर डाल रही है।

## IPL 2026: लगातार छह हार से पंजाब किंग्स पर संकट गहराया प्रीति जिंटा और श्रेयस अय्यर की गंभीर बातचीत चर्चा में

आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। टीम को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 23 रन से हार का सामना करना पड़ा, जो उनकी लगातार छठी हार रही। इस हार के बाद पंजाब की प्लेऑफ की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। मैच के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर और टीम की सह-मालकिन प्रीति जिंटा के बीच हुई गंभीर बातचीत भी चर्चा का विषय बन गई। धर्मशाला में खेले गए मुकाबले में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 222/4 का बड़ा स्कोर बनाया। टीम के लिए वेंकटेश अय्यर ने नाबाद 73 रन की शानदार पारी खेली, जबकि विराट कोहली ने तेज अर्धशतक जड़कर पंजाब के गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा। पंजाब की ओर से गेंदबाजी काफी फीकी रही और टीम शुरुआती ओवरों में विकेट निकालने में नाकाम रही। यही मैच का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। 223 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की शुरुआत बेहद खराब रही।



टीम ने जल्दी-जल्दी विकेट गंवा दिए और कप्तान श्रेयस अय्यर भी बड़ी पारी खेलने में असफल रहे। हालांकि, शशांक सिंह ने 27 गेंदों में 56 रन और मार्कस स्टोइनिस ने 25 गेंदों में 37 रन बनाकर मुकाबले को जिंदा रखने की कोशिश की, लेकिन टीम 20 ओवर में 199/8 तक ही पहुंच सकी। आरसीबी के लिए रसिख सलाम डार ने तीन विकेट लिए, जबकि भुवनेश्वर कुमार ने दो सफलताएं हासिल कीं। मैच खत्म होने के बाद पंजाब किंग्स के ड्रेसिंग रूम में निराशा साफ नजर आई। वहीं मैदान पर कप्तान श्रेयस अय्यर और टीम की सह-मालकिन Preity Zinta के बीच लंबी और गंभीर बातचीत भी कैमरे में कैद हुई, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। हार के बाद श्रेयस अय्यर ने माना कि टीम मैच पावरप्ले में ही हार गई थी।

## DC vs RR: राजस्थान पर जीत से दिल्ली की प्लेऑफ की उम्मीदें जीवित, चेन्नई को भी हुआ फायदा तालिका में बड़े बदलाव



दिल्ली ने राजस्थान को पांच विकेट से हरा दिया। रविवार को खेले गए मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने 193 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 197 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर ली। इस जीत के साथ दिल्ली ने प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जीवित रखा है। मिचेल स्टार्क की अगुवाई में गेंदबाजों के घातक प्रदर्शन के बाद अभिषेक पोरेल और केएल राहुल की अर्धशतकीय पारियों की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हरा दिया।रविवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान ने ध्रुव जुरेल और रियान पराग की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में आठ विकेट पर 193 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 197 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। आखिर में आशुतोष शर्मा ने उपयोगी पारी खेली। वह पांच गेंदों में 18 रन बनाकर नाबाद रहे। अक्षर पटेल भी 18 गेंदों में 34 रन बनाकर अंत तक क्रीज पर डटे रहे। राजस्थान के लिए जोफ्रा आर्चर और बृजेश शर्मा ने दो-दो विकेट लिए जबकि दसुन शनाका ने एक सफलता अपने नाम की। राजस्थान पर जीत के साथ दिल्ली ने प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जीवित रखा है। अब टीम की नजरें अपना बाकी बचा एक मुकाबला जीतने पर होंगी। यह मैच 24 मई (रविवार) को कोलकाता में केकेआर के खिलाफ खेला जाएगा। वहीं, अक्षर पटेल के नेतृत्व वाली टीम ने एक स्थान लगाकर अंक तालिका में सातवां स्थान हासिल कर लिया। 13 में से छह मुकाबले जीत चुकी दिल्ली के खाते में अब 12 अंक और -0.871 नेट रन रेट

## RJ Mahvash-Yuzvendra Chahal: क्या चहल को डेट कर रहीं थीं महवश? अभिनेत्री ने तोड़ी चुप्पी बता दी पूरी सच्चाई

आरजे महवश ने युजवेंद्र चहल संग डेटिंग की अफवाहों को खारिज करते हुए कहा कि दोनों सिर्फ अच्छे दोस्त हैं। महवश ने बताया कि चहल अपनी निजी जिंदगी के कठिन दौर से गुजर रहे थे और उन्होंने एक दोस्त के तौर पर उनका साथ दिया। भारतीय स्पिनर युजवेंद्र चहल और अभिनेत्री व मॉडल आरजे महवश को लेकर पिछले कुछ समय से डेटिंग की अफवाहें सोशल मीडिया पर चर्चा में थीं। अब महवश ने इन खबरों पर पहली बार खुलकर प्रतिक्रिया दी है। हाल ही में दिए गए एक इंटरव्यू में महवश ने साफ किया कि उनके और चहल के बीच सिर्फ अच्छी दोस्ती है। उन्होंने कहा कि उस समय चहल अपनी निजी जिंदगी में कठिन दौर से गुजर रहे थे और ऐसे में उन्होंने एक दोस्त के तौर पर उनका साथ दिया। पिंकविला को दिए एक इंटरव्यू में महवश ने चहल को लेकर खुलकर बात की।



उन्होंने कहा, 'लोग छोटी-छोटी बातों को बहुत बड़ा बना देते हैं। दो दोस्तों के बीच बहस हो जाना या सोशल मीडिया पर फॉलो-अनफॉलो करना कोई बड़ी बात नहीं होती। जब दोस्ती में सहजता होती है तो ऐसी चीजों को दिल पर नहीं लेना चाहिए।' उन्होंने आगे कहा कि उनके और चहल के बीच किसी तरह का विवाद नहीं था। उन्होंने कहा, 'मैं दोस्ती को बहुत महत्व देती हूं। उस वक्त उन्हें एक अच्छे दोस्त की जरूरत थी। वो बहुत लो फेज से गुजर रहे थे और हमने उन्हें जितना हो सका, सपोर्ट किया।'

## Change In Format: बीसीसीआई की बड़ी तैयारी अंडर-23 वनडे टूर्नामेंट को टी20 प्रारुप में बदलने पर हो रहा विचार

बीसीसीआई अंडर-23 पुरुषों के 50 ओवर टूर्नामेंट को 2026-27 घरेलू सत्र से टी20 फॉर्मेट में बदलने पर विचार कर रहा है। इस बदलाव से पहले बोर्ड राज्य संघों और अन्य हितधारकों की राय लेगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) आगामी घरेलू सत्र 2026-27 से राष्ट्रीय अंडर-23 पुरुषों के 50 ओवर टूर्नामेंट को टी20 प्रारूप में बदलने पर विचार कर रहा है। इस प्रस्ताव पर अभी शुरुआती स्तर पर चर्चा चल रही है और अंतिम फैसला लेने से पहले राज्य क्रिकेट संघों तथा अन्य हितधारकों से राय ली जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, बीसीसीआई किसी भी बड़े बदलाव से पहले सभी राज्य संघों और संबंधित पक्षों से सुझाव मांगेगा। यदि सभी पक्षों की सहमति बनती है, तो नए घरेलू सत्र से यह बदलाव लागू किया जा सकता है। एक सूत्र ने पीटीआई से कहा, 'यह अभी शुरुआती चरण में है। कोई भी फैसला लेने से पहले राज्य संघों और अन्य हितधारकों की राय ली जाएगी। अगर सब कुछ तय होता है, तो यह बदलाव 2026-27 घरेलू सत्र से लागू हो सकता है।' अंडर-23 पुरुषों की यह प्रतियोगिता फिलहाल 'स्टेट ए चैंपियनशिप' के नाम से




आयोजित की जाती है। टूर्नामेंट को दो वर्गों, एलीट और प्लेट में बांटा गया है, जैसा कि भारतीय घरेलू क्रिकेट की अन्य प्रतियोगिताओं में भी देखा जाता है। अगर बीसीसीआई इस प्रस्ताव को मंजूरी देता है, तो युवा खिलाड़ियों को कम उम्र में ही टी20 क्रिकेट का अधिक अनुभव मिलेगा। माना जा रहा है कि इससे खिलाड़ियों को फ्रेंचाइजी क्रिकेट और आधुनिक सीमित ओवरों के प्रारूप के लिए बेहतर तरीके से तैयार किया जा सकेगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी Board of Control for Cricket in India अंडर-23 वनडे टूर्नामेंट के प्रारूप में बड़ा बदलाव करने की तैयारी में है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीसीसीआई अब इस टूर्नामेंट को वनडे की जगह टी20 फॉर्मेट में आयोजित करने पर विचार कर रहा है। बताया जा रहा है कि बदलते क्रिकेट प्रारूप और युवा खिलाड़ियों को टी20 क्रिकेट के लिए तैयार करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया जा सकता है। यदि प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है तो घरेलू क्रिकेट में युवा खिलाड़ियों को टी20 मैचों का अधिक अनुभव मिलेगा, जिससे भविष्य में आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए बेहतर प्रतिभाएं तैयार हो सकेंगी। यदि यह फैसला लागू होता है तो खिलाड़ियों को कम उम्र में ही तेज और आक्रामक क्रिकेट खेलने का अनुभव मिलेगा। साथ ही इससे आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट के लिए नई प्रतिभाओं को तैयार करने में मदद मिलने की उम्मीद है। कि मौजूदा दौर में टी20 क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए युवा खिलाड़ियों को इसी प्रारूप में ज्यादा मौके देना जरूरी है।

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612
















